अमर उजाला 18-03-2023

# रुचि बनी बेस्ट महिला एथलीट

## खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी बहाया पसीना



छावनी के जीएमएन कॉलेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेतीं प्रतिभागी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों और शिक्षकों ने जमकर पसीना बहाया। इस दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम सतेंद्र सिवाच ने मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रुचि भट्ट बेस्ट वीमन एथलीट रहीं। वहीं, बीए प्रथम वर्ष के छात्र आशीष को बेस्ट पुरुष एथलीट घोषित किया।

कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल ने मुख्य अतिथि छावनी एसडीएम सतेंद्र सिवाच का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि जीएमएन कॉलेज के खिलाड़ी महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। एसडीएम सतेंद्र सिवाच ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल हम सब के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि जीतने के लिए हार भी स्वीकार करनी पड़ती है।

पुरुष शिक्षकों की 100 मीटर दौड़ में डॉ. दीपक अहलावत ने प्रथम, अमनीश ने द्वितीय और विशाल तनेजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला शिक्षकों की 100 मीटर दौड़ में डॉ. अनुपमा सिहाग ने प्रथम, उदिता ने द्वितीय और डॉ. कमलेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला शिक्षक चाटी रेस में डॉ. जसबीर कौर प्रथम, डॉ. कमलेश द्वितीय तथा डॉ. सरोज और डॉ. अनुपमा सिहाग तृतीय स्थान पर रहे। नॉन टीचिंग स्टाफ दौड़ में अनिल कुमार ने प्रथम, संजीव ने द्वितीय तथा संजीव कश्यप ने तृतीय स्थान पर रहे। एसडीएम सतेंद्र सिवाच ने सभी विजेताओं खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के दौरान मंच संचालन डॉ. अमित कुमार, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. रवनीत कौर और डॉ. तृप्ति ने बखूबी निभाया।

### इस प्रकार रहे परिणाम

**300 मीटर मैन**

प्रथम आशीष, बीए, प्रथम वर्ष
द्वितीय रुद्र प्रताप, बीसीए, द्वितीय वर्ष
तृतीय पंकज, बीए प्रथम वर्ष

**स्लो साइक्लिंग मैन**

प्रथम मंयक, बीबीए तृतीय वर्ष
द्वितीय दिवांश, बीएससी तृतीय वर्ष
तृतीय दीपांशु, बीए प्रथम वर्ष

**लांग जंप मैन**

प्रथम अदनान, बीकॉम तृतीय वर्ष
द्वितीय अमनदीप, बीए प्रथम वर्ष
तृतीय अंकित, बी कॉम द्वितीय वर्ष

**स्किपिंग रेस वीमन**

प्रथम मोनी, बीए प्रथम वर्ष
द्वितीय कृतिका वर्मा, बीए द्वितीय वर्ष
तृतीय निधि, बीए द्वितीय

**वर्ष सेक रेस वीमन**

प्रथम रुचि भट्ट, बीए प्रथम वर्ष
द्वितीय कृतिका वर्मा, बीए द्वितीय वर्ष
तृतीय निधि, बीए द्वितीय वर्ष

**थ्री लेग रेस वीमन**

प्रथम नेहा और सिया, बीए द्वितीय वर्ष
द्वितीय - साक्षी और दमनप्रीत, बीए प्रथम वर्ष
तृतीय - आशी और आक्षी, बीए प्रथम वर्ष

**400 मीटर मैन**

प्रथम आशीष, बीए प्रथम वर्ष
द्वितीय पंकज, बीए प्रथम वर्ष
तृतीय रुद्र प्रताप, बीसीए द्वितीय वर्ष

**चिल्ड्रन रेस टीचिंग**

प्रथम गर्वित शर्मा, द्वितीय रवगुरु, तृतीय अबीर सास्वत, केशव।